**बिहार सरकार,**
**बिहार कौशल विकास मिशन,**
**श्रम संसाधन विभाग**

**आदेश**

कुशल युवा कार्यक्रम के माह नवम्बर बैच 2017 के प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा दिनांक–01 फरवरी, 2018 तथा 02 फरवरी, 2018 को आयोजित की गयी थी तथा Knowledge Partner, MKCL के द्वारा सभी SDC/BSDC को दिनांक– 01 एवं 02 फरवरी, 2018 को आयोजित कुशल युवा कार्यक्रम की परीक्षा के Uploaded exam data का सत्यापन दिनांक–05 फरवरी, 2018 के संध्या 6.00 बजे तक करने का निदेश दिया गया था । Knowledge Partner, MKCL के द्वारा Uploaded exam data का सत्यापन किये जाने हेतु email के माध्यम से सभी SDC/BSDC को कई बार स्मारित किया गया तथा सभी email को बिहार कौशल विकास मिशन के Webportal के support blog में भी उपलब्ध कराया गया । सभी SDC/BSDC को दिनांक–01 एवं 02 फरवरी,2018 को आयोजित परीक्षा के Uploaded exam data का सत्यापन करने हेतु Cluster Manager तथा संबंधित Regional Manager के स्तर से भी दूरभाष पर सूचना दी गयी । लेकिन 12 SDC/BSDC यथा–(i) अभिरूचि कुमार कंप्युटर सेंटर, वैशाली(KYP code 09060035)

(ii) BSDC समेली, कटिहार(KYP code 07020019)
(iii) राम गोपाल नाट्य कला सेवा संगठन,कटिहार(KYP code 07020013)
(iv) शिक्षा,भागलपुर (KYP code 01010017)
(v) नन्दनी सेवा संस्थान, नया चौक कुरसैला,कटिहार(KYP code 07020021)
(vi) BSDC,चांदन,बांका(KYP code 01020007)
(vii) SMC Education संस्था,भागलपुर(KYP code 01010029)
(viii) BSDC,सुप्पी,सीतामढ़ी(KYP code 09050019)
(ix) BSDC,चौथम,खगड़िया(KYP code 05030007)
(x) Empathy Solution Pvt.Ltd.सीतामढ़ी(KYP code 09050007)
(xi) Universal Service for Enhancement & Revolution of Society,जमुई(KYP code 05020008)

तथा (xii) BSDC,सबौर, भागलपुर(KYP code 01010025) के द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक–05 फरवरी, 2018 के संध्या 6.00 बजे तक Uploaded exam data का सत्यापन नहीं किया गया । Knowledge partner, MKCL के द्वारा इन 12 केन्द्रों की सूची उपलब्ध करायी गयी तथा यह उल्लेख किया गया कि इन केन्द्रों के द्वारा Uploaded data का सत्यापन नहीं करने के कारण दिनांक–01 एवं 02 फरवरी, 2018 को आयोजित परीक्षा बैच के Result के प्रकाशन की प्रक्रिया बाधित है तथा इसके कारण माह फरवरी,2018 हेतु कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण को प्रारम्भ करने में भी विलंब हो जाने की संभावना है ।

Knowledge partner, MKCL से प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक–01 एवं 02 फरवरी, 2018 को आयोजित परीक्षा का परिणाम बिना इन 12 केन्द्रों के सत्यापन के हीं Process करने का निदेश दिया गया तथा बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–152, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 160, 161, 162 तथा 163 दिनांक– 08.02.2018 के द्वारा इन सभी 12 केन्द्रों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी ।

पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में 7 संगठनों के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया, लेकिन क्रमांक–3, क्रमांक–5, क्रमांक–7, क्रमांक–9 तथा क्रमांक–11 के संस्थाओं द्वारा कोई स्पष्टीकरण नहीं समर्पित किया गया ।

जिन संगठनों के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया,उनके द्वारा या तो यह कहा गया कि उनके केन्द्र पर कार्यरत कर्मियों के भूल के कारण Uploaded exam data का सत्यापन नहीं हो पाया है, या यह कहा गया कि Internt connectivity के कारण Uploaded exam data का सत्यापन नहीं हो सका ।

7 संगठनों से प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है । कुशल युवा कार्यक्रम के माह नवम्बर, 2017 बैच का Exam event 01 एवं 02 फरवरी,2018 को आयोजित था तथा Uploaded exam data के सत्यापन की अंतिम तिथि दिनांक-05 फरवरी, 2018 को संध्या 5 बजे तक निर्धारित थी तथा इसके लिए लगातार केन्द्रों को email तथा दूरभाष से सूचना दी जाती रही । वावजूद इसके उनके केन्द्रों पर कार्यरत कर्मियों के द्वारा Uploaded exam data का सत्यापन नहीं करना उनके लापरवाही का परिचायक है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है ।

दिनांक-02 फरवरी,2018 के पश्चात 05 फरवरी, 2018 तक Internet की Connectivity उपलब्ध नहीं रही हो, यह भी स्वीकार करने योग्य नहीं है । Uploaded exam data का सत्यापन नहीं होने से परीक्षाफल प्रकाशित करने की प्रक्रिया बाधित होती है तथा किसी भी केन्द्र को पूरे बैच के परीक्षाफल को बाधित करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है ।

अतः सभी संगठनों से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है तथा उन्हें चेतावनी दी जाती है कि यदि भविष्य में उनके द्वारा Exam data को upload करने या uploaded data सत्यापन करने में कोताही बरती जाती है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जा सकती है साथ हीं पूर्व पृष्ठ पर अंकित क्रमांक-1 से 12 तक के केन्द्रों के माह नवम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 30% की राशि कटौती करने का आदेश दिया जाता है ।

यह स्पष्ट किया जाता है कि इन कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के द्वारा भविष्य में Exam data को Upload करने या Uploaded data के सत्यापन में तत्परता नहीं बरती जाती है तो अर्थ दण्ड के रूप में उनके उस बैच से 50% की राशि की कटौती या स्थायी रूप से केन्द्र को बंद कर दिये जाने की कार्रवाई भी की जा सकती है ।

ह0/-
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक-BSDM/SDM-18/2016-315 पटना,दिनांक- 16-03-2018

प्रतिलिपि- (i) अभिरूचि कुमार कंप्युटर सेंटर, वैशाली(KYP code 09060035), (ii) BSDC समेली, कटिहार(KYP code 07020019), (iii) राम गोपाल नाट्य कला सेवा संगठन, कटिहार (KYP code 07020013), (iv) शिक्षा, भागलपुर (KYP code 01010017), (v) नन्दनी सेवा संस्थान,नया चौक कुरसैला, कटिहार(KYP code 07020021), (vi) BSDC,चांदन, बांका(KYP code 01020007),(vii) SMC Education संस्था,भागलपुर (KYP code 01010029),(viii) BSDC, सुप्पी, सीतामढ़ी (KYP code 09050019), (ix)BSDC,चौथम,खगड़िया (KYP code 05030007), (x) Empathy Solution Pvt.Ltd.सीतामढ़ी(KYP code 09050007),(xi) Universal Service for Enhancement & Revolution of Society, जमुई( KYP code 05020008) तथा (xii) BSDC, सबौर, भागलपुर( KYP code 01010025) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/ मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित्त को आदेश दिया जाता है कि वे क्रमांक–1 से 12 तक के कौशल प्रशिक्षण केन्द्रो के माह नवम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 30% की राशि की कटौती करना सुनिश्चित करें । मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे इस आदेश की प्रति को सभी SDC/BSDC को परिचारित करना सुनिश्चित करें ।

(3) Project Director, MKCL/ Project Director, SPMU(E&Y)/ SPMU Incharge, वैशाली/ कटिहार/भागलपुर/बांका/सीतामढ़ी/खगड़िया तथा जमुई /श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक,MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना/कराना सुनिश्चित करें ।

16/3/18

प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।